हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 जून 2024
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

06 आज एक लाख 90 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई ...



09 योग दिवसः जिले भर में कई संस्थानों ने मनाया...



## खबर संक्षेप में

### सांसद नागर पहुंचे टिकोन धाम

**नलखेड़ा।** शनिवार को राजगढ़ संसदीय सीट से निर्वाचित सांसद रोडमल नागर विजय के बाद पहली बार टीकोन धाम पहुंचे जहां उनके द्वारा दर्शन कर पूज्य गुरुदेव श्री शिवनारायण पाटीदार से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनका साफा पहनाकर स्वागत किया।

### जिले के 84 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**नलखेड़ा।** जिले में 23 से 25 जून के मध्य पल्स पोलियो अभियान आयोजित कर शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के तहत जिले के लगभग 84084 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश गुप्ता ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की तैयारी की जा चुकि है। अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिले में 691 पोलियो बूथ बनाकर 1412 कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत प्रथम दिन बच्चों को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई जाएगी तथा शेष दो दिवस घर-घर जाकर पोलियो बूथ पर आने से शेष रहे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए 85 सुपरवाईजर नियुक्ति किए है तथा ब्लॉक स्तरीय दल बनाए हैं। साथ ही 9 ट्रांजिट टीम एवं 7 मोबाइल टीम बनाई गई है जो कि ईंट-भट्टों पर रहने वाली बच्चों को दवा पिलाएंगे। सीएमएचओ ने अपील की है कि 23 जून को अपने बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं।

### निचले इलाकों में भरा पानी, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आया, कई जगह कीचड़ और गंदगी फैली

# मानसून की पहली मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफने, सीहोर में चार इंच बारिश रिकार्ड

रात दो बजे के बाद गरज-चमक से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सुबह छह बजे तक चली। हालांकि बारिश सुबह छह बजे से आठ बजे तक भी जारी रही, लेकिन बारिश की रफ्तार कम हो गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक मूसलाधार बारिश ने नदी-नाले उफान पर आ गए। गरज-चमक के साथ हुई बारिश के चलते निचली बस्तियों में रात के समय कई घरों में पानी भरने के भी समाचार सामने आए। बारिश का सिलसिला सुबह आठ बजे तक चला। सीहोर में सबसे अधिक करीब चार इंच बारिश रिकार्ड की गई। गुरुवार को दिनभर उमस और गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री तक पहुंच गया था। शाम के समय आसमान पर बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई। देरात तक बादलों के कारण बारिश की संभावना बनी रही, लेकिन बारिश का सिलसिला रात दो बजे के बाद शुरू हुआ। रात दो बजे के बाद गरज-चमक से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सुबह छह बजे तक चली। हालांकि बारिश सुबह छह बजे से आठ बजे तक भी जारी रही, लेकिन बारिश की रफ्तार कम हो गई थी। देर रात के समय हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदी-नाले उफन गए, वहीं निचली बस्तियों में पानी भरने की भी जानकारी सामने आई। मूसलाधार बारिश के कारण शहर के बीचों-बीच से निकली सीवन नदी भी उफन गई और चद्दरपुल, इलाही माता पुल पर सुबह के समय अनेक लोग फोटो खींचते हुए नजर आए। मूसलाधार बारिश के चलते सीहोर में करीब चार इंच और इछावर में तीन इंच बारिश रिकार्ड गई।



### जिला अस्पताल का आईसीयू हुआ तरबतर

मूसलाधार बारिश के चलते जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भी पानी रिसने के कारण तरबतर हो गया। इसके कारण आईसीयू में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्था बनाने के प्रयास किए, लेकिन वह नाकाफी साबित हुए।

### बारिश ने डाला योग कार्यक्रम में खलल

योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम पर बारिश का असर देखा गया। जिला मुख्यालय पर शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान परिसर के मैदान में कार्यक्रम का आयोजन होना था, लेकिन बारिश हो जाने के कारण कार्यक्रम का आयोजन सभाकक्ष में किया गया। जिसमें प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

### किसानों ने भजन कीर्तन कर अच्छी बरसात के लिए की थी इंद्रदेव से प्रार्थना

गुरुवार तक बारिश नही होने से ग्रामीण परेशान थे। इस विकट समस्या को लेकर इंद्रदेव को मनाने के लिये ढोल मंजिरा के साथ भजन गाते हुए ग्रामीण चंदेरी के किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा, रामाखेड़ी से घीसीलाल, करण सिंह, चैन सिंह, प्रेम मेवाड़ा, हेमराज पटेल, ढोलक मास्टर चैन सिंह पटेल, ताराचंद मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, अभिषेक मेवाड़ा सहित कई ग्रामीणों ने मिलकर खेतों में बैठकर इंद्रदेव को मनाने के लिए अनोखे तरीके से मन्नत मांगी थी। किसानों ने मन्नत मांगी कि वर्तमान में किसान अपनी बोनी के लिए पूरी तैयारी करके बैठा है और बस अच्छी बरसात का इंतजार कर रहा है। इसके बाद शुक्रवार को सुबह से ही बारिश हो गई। इसे लेकर किसानों ने शुक्रवार सुबह जश्न मनाया।

### जिले में सबसे अधिक बारिश सीहोर में चार इंच

जिले के सीहोर 107 एमएम करीब चार इंच से अधिक बारिश रिकार्ड की गई। जबकि इछावर में 77 एमएम करीब तीन इंच बारिश हुई। इसी तरह श्यामपुर में 1 एमएम, आष्टा में 20 एमएम, बुधनी में एक एमएम और रेहटी में चार एमएम बारिश रिकार्ड की गई। सीहोर में अभी तक 141 एमएम करीब छह इंच, श्यामपुर में 40 एमएम, आष्टा में 62 एमएम, जावर में 32 एमएम, इछावर में 156 एमएम, भेरूंदा में 24 एमएम, बुधनी में 16 एमएम, रेहटी में 20.2 एमएम बारिश हो चुकी है।

### झमाझम बारिश का दौर रहेगा अभी जारी

आरएके कालेज स्थित स्वचालित मौसम केंद्र के तकनीकी अधिकारी डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि जिले में चक्रवाती तूफान के परिणामस्वरूप पश्चिम से चल रही हवाओं की गति 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दो दिन जिले में झमाझम बारिश के आसार बन रहे है। अनुमान सही बैठते है तो इस संभावित बारिश के बाद जिले के किसान अपने खेतों में खरीफ फसलों की बोवनी कर लेंगे।



# राज्य शिक्षा केंद्र के एफएलएन आदेश का विरोध

### पूर्व विधायक ने जनशिक्षकों का प्रशिक्षण पदस्थ जिले में ही कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश भर में पदस्थ जनशिक्षकों का एफएलएन (मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक मिशन) संबंधी 5 दिवसीय प्रशिक्षण 24 जून से संभाग से बाहर अन्य जिला स्तर पर आयोजित करने का आदेश जारी किया है। इसी आदेश का विरोध दर्ज करते हुए सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर जन शिक्षकों का प्रशिक्षण संबंधित जिला या विकासखंड मुख्यालय पर कराए जाने के साथ ही निकाले गए आदेश को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की है।



पाटीदार ने लिखे गए पत्र में बताया कि जन शिक्षकों का प्रशिक्षण संभाग से बाहर आयोजित करवा कर शासन के धन का अपव्यय क्यों किया जा रहा है ? जबकि जन शिक्षकों का यहां प्रशिक्षण संबंधित जिला मुख्यालय या विकासखंड मुख्यालय पर किया जा सकता है। संभाग से बाहर जन शिक्षकों का प्रशिक्षण होने पर एक बड़ी अतिरिक्त राशि उनके लिए टीए एवं डीए में खर्च होगी। पाटीदार ने बताया कि जनशिक्षकों के रूप में महिला शिक्षिकाएं भी पदस्थ हैं। महिला शिक्षकों पर अपने बच्चों की जिम्मेदारी, पति की जिम्मेदारी, बूढ़े माता-पिता की जिम्मेदारी रहती है। ऐसे में पदस्थ जिले को छोड़कर अन्य दूसरे जिलों में 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार और छोटे बच्चों को छोड़कर दूसरे जिले में प्रशिक्षण लेने जाना महिला शिक्षिकाओं के लिए न्यायसंगत नहीं है।

राज्यशिक्षा केन्द्र के आदेश पर पाटीदार ने आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग की है कि उक्त प्रशिक्षण आदेश में संशोधन कर जन शिक्षकों का प्रशिक्षण पदस्थ जिले में ही आयोजित किया जाए। यदि अन्य जिले में आयोजित करना आवश्यक हो तो पदस्थ स्थान के आसपास जिले में आयोजित किया जाए। पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने स्कूली शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि शासन की राशि का समुचित उपयोग हो एवं संबंधित प्रशिक्षणार्थी भी सुलभ एवं सहज रूप से प्रशिक्षण ले सकें इस हेतु आयुक्त राज्यशिक्षा केन्द्र को जन शिक्षकों का एफएलएन संबंधित प्रशिक्षण उनके संबंधित जिला या विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित करने हेतु निर्देशित किया जाए तथा पूर्व से संभाग से बाहर प्रशिक्षण आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए।



# बिना फिटनेस संचालित यात्री बसों पर की चालानी कार्रवाई

### अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर से संचालित होने वाली निजी यात्री बसों की जांच पुलिस द्वारा की गई। जांच में बिना फिटनेस संचालित बस पर चालानी कार्रवाई की गई। शुक्रवार को नलखेड़ा पुलिस तथा यातायात पुलिस द्वारा सरदार पटेल चौराहे पर यात्री बसों के साथ अन्य वाहनों की जांच कर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही लाइसेंस सहित वाहनों का बीमा एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही वाहनों के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज रखने की सलाह दी गई। नागरिकों को नाबालिग बच्चों को वाहन न चलने की हिदायत दी गई। यातायात सूबेदार जगदीश यादव ने यात्री बसों को चेक किया। जिसके दौरान यातायात पुलिस द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल तिराहे पर बस श्री महाकाल को चेक किया गया। चेक करने पर बस का फिटनेस न होना पाया गया, जिस पर एमवी एक्ट की धारा 56/192 में कार्रवाई करते हुए 5000 रुपए का समन शुल्क लिया।

### महाविद्यालय में मनाया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग में विभिन्न आसन, प्राणायाम, व्यायाम, सूर्य नमस्कार आदि गतिविधियां संपन्न हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के सदस्यों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल के नेतृत्व में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सर्वेश व्यास द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को योग करवाया गया। योग में विभिन्न आसन प्राणायाम व्यायाम सूर्य नमस्कार आदि गतिविधियां संपन्न हुईं।



कार्यक्रम के अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी, क्रीडा विभाग के स्पोर्ट्स ऑफिसर अनिल पिपलोदिया,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्य डॉ जितेंद्र चावरे, डॉ सुखदेव बैरागी, प्राध्यापक डॉ गीतेश कुमार डावर, डॉ गोपाल कुरील, डॉ निधी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक आशुतोष सोनी, यशपाल सिंह सोनगरा महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## विकासखंड के शासकीय स्कूलों में हुआ योगाभ्यास

**नलखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड अंतर्गत समस्त शासकीय स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग प्राणायाम किया गया। शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी स्कूल में शिक्षकों व छात्र छात्राओं द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास एवं शारीरिक विकास होता है।



# बीबीएफ विधि से अधिक से अधिक सोयाबीन की बुआई करें : कलेक्टर

### एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कृषि विज्ञान केंद्र आगर मालवा के सभाकक्ष में कृषि अधिकारियों की एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। जिसमें प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके दीक्षित, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आरपीएस शक्तावत व कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों से कहा कि आप लोग फील्ड पर सतत भ्रमण करते हो तो किसानों की समस्याओं को भी विनम्रता पूर्वक सुने, जिससे कि कृषकों को इधर-उधर भटकना न पड़े उनकी समस्याओं को सुने, समझे तथा किसानों को अपने-अपने क्षेत्र में बीबीफ विधि के माध्यम से बुआई का रकबा बढ़ाएं, संतुलित मात्रा में उर्वरकों का समुचित प्रबंध करवाए तथा जिले में मक्का फसल का रकबा बढ़ाने का प्रयास करें। आप लोग सभी का कार्य जन सेवा के भाव से करें तथा शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा किसान तक पहुंचाएं एवं जल संरक्षण विधि को भी किसानों के सामने रखें।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके दीक्षित ने सोयाबीन फसल की उत्पादन तकनीकी के बारे में सूक्ष्म पोषक तत्व के बारे में तथा सोयाबीन की विभिन्न किस्मों के बारे में विस्तृत रूप से तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा की चौपाल के माध्यम से सतत कर्षकों के संपर्क में रहकर जागरूक किया जा रहा है तथा उपसंचालक कृषि एवं प्रधान वैज्ञानिक ने कलेक्टर को प्रक्षेत्र भ्रमण करवा कर बीबीएफ़ डेमो लाइव प्रदर्शन दिखाया गया।

### नवीनतम कानूनों की जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान करेंगे

# मार्गदर्शन शिविर का आयोजन नलखेड़ा में आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र सराफा एसोसिएशन एवं एमसीएक्स कमोडिटी एक्सचेंज मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में मप्र के सभी 55 जिलों में सराफा व्यापारियों के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नलखेड़ा में भी उक्त शिविर का आयोजन रविवार को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा, सुसनेर, सोयत क्षेत्र के व्यापारी बंधु भाग लेंगे। शिविर को लेकर सराफा एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें उक्त कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मप्र सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफा जबलपुर, प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी आगर तथा सराफा एसोसिएशन नलखेड़ा के अध्यक्ष हीरालाल सोनी ने बताया की आयोजित सेमिनार में व्यापारी बंधुओं को जीएसटी, इनकमटैक्स, मनी लेंडिंग, धारा 411-412 एवं बीआईएस हाल मार्किंग तथा एमसीएक्स वायदा एवं हाजिर में अपने व्यापार को सुरक्षित कैसे रखा जाए। जैसे विषयों से संबंधित नवीनतम कानूनों की जानकारी एवं उनसे होने वाली भावी समस्याओं के संदर्भ में मार्गदर्शन एंव समाधान प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश में आयोजित किए जा रहे हैं सेमिनार की इसी कड़ी में नलखेड़ा सराफा एसोसिएशन के सहयोग से मां बगुलामुखी रिसोर्ट नलखेड़ा पर आज रविवार को सायं 6 बजे से (नलखेड़ा, सुसनेर एवं सोयत) के व्यापारियों के लिए सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। सोनी ने संबंधित क्षेत्र के सभी सर्राफा व्यापारियों से उक्त शिविर में उपस्थिति रहकर इसका लाभ उठाने का आग्रह किया है। सराफा एसोसिएशन के श्याम सुंदर मित्तल ने बताया कि नगर में शिविर के आयोजन को लेकर व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें इस शिविर को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। प्रदेश महासचिव सोनी ने बताया कि सराफा व्यापारी संघ आगर के सहयोग से 24 जून सोमवार को सायं 6 बजे से होटल मधुबन पर (आगर, कानड़, तनोड़िया, बड़ौद,पिपलोन) के सराफा व्यापारी बंधुओं के लिए सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

# अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर की वट सावित्री की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वट सावित्री पूर्णिमा पर महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर वट सावित्री पूजा की गई। हिरणखेड़ी में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए तथा धरा को हरा भरा करने के लिए महिलाओं ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष बचाने का संकल्प लिया गया। इस वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा शुक्रवार व शनिवार दो दिन मनाई गई जिसके चलते नगर सहित ग्रामीण अंचल में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाने वाली वट सावित्री पूजा भी दोनों दिन की गई। महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख, समृद्धि व शांति की कामना को लेकर विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा कर कथा सुनी गई। महिलाओं द्वारा इस दिन व्रत भी किया गया।

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व, त्योहार अथवा परंपरा प्रकृति की सुरक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा पर ही आधारित है। इसकी वैज्ञानिक पुष्टि भी हो चुकी है लेकिन पाश्चयात संस्कृति के चलते हमारी पीढ़ी इससे कुछ हद तक विमुख होती दिखाई दे रही है। ग्राम हिरणखेड़ी में महिलाओं द्वारा वट सावित्री पूर्णिमा पर व्रत पूजा कर अपनी धार्मिक परंपरा का निर्वहन करने के साथ ही वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लेकर एक अनुकरणीय कार्य किया है। ग्राम हिरणखेड़ी में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए तथा धरा को हरा भरा करने के लिए महिलाओं ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष बचाने का संकल्प लिया गया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत व स्कूल में लोगों ने किए योगासन



**चापडा।** ग्राम पंचायत पिपल्याजान में योग दिवस पर शाप्र स्कूल परिसर में योग दिवस पर योगासन कर योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए योग संपन्न कराया गया। इस दौरान सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार, सचिव सोभाल सिंह कुंभकार, रोजगार सचिव मोहन जाट, उपसरपंच रामेश्वर पटेल, शिक्षक मायाराम जाट उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में प्रधान अध्यापक राकेश यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के योग प्राणायाम करवाएं गए।इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राखी राव और अभिभावक निर्मला विश्वकर्मा, निकिता वर्मा उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो लोग घायल

**देवास।** शनिवार सुबह तुलजा विहार बाइपास के पास हुए एक सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया गया। उसके बाद दोनों को गंभीर हालत होने के चलते इंदौर रेफर किया गया है। जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है।जानकारी के अनुसार राजेश पिता सिंगाराम पटेल निवासी रंधनखेडी, हेमंत पिता भारत सिंह निवासी गिरिराज धाम व किशोर पिता हरिनारायण निवासी उपड़ी एक बाइक पर सवार होकर बाईपास होते हुए सिरोलिया गांव किसी कार्य के चलते जा रहे थे। तभी तुलजा विहार बाइपास के पास एक अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। जबकि बालक हेमंत व राजेश को चोट लगी है। गंभीर चोट के कारण राजेश व हेमंत दोनों को इंदौर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि किशोर एलआईसी में गार्ड के पद पर कार्यरत था। बीएनपी पुलिस का कहना है कि किसी कार चालक ने बाइक को टक्कर मारी थी हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

# आज एक लाख 90 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

### जिला अस्पताल में 11 बजे जनप्रतिनिधियो द्वारा किया जाएगा अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जिले में रविवार को जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। जिला और ब्लॉक स्तर पर अभियान का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। जिला अस्पताल देवास में प्रातः 11 बजे जनप्रतिनिधियो द्वारा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आर्युवेद विभाग,वन विभाग, नगरीय निकाय,पंचायत विभाग को निर्देशित किया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। इस कार्य में वे सक्रिय रूप से स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करें, अपने मैदानी अमले को इस कार्य में सहयोग करने हेतु निर्देशित करें और निरन्तर मॉनिटरिंग करें। अभियान की सतत निगरानी और मॉनिटरिंग करने प्रत्येक दो-दो घंटे मे कन्ट्रोल रूम के माध्यम से रिपोर्ट और फीडबैक लेने के निर्देश दिये गए हैं। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी ने बताया कि देवास जिले में कुल 1786 बी एवं सी बूथ बनाए गए है, जिसमें 1245 बी बूथ एवं 541 सी बूथ बनाए गए है , इसी प्रकार ट्रांजिट टीम 42 एवं मोबाइल टीम 19 है । देवास जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के कुल 190366 बच्चे पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलाने हेतु चिन्हित किये गये है । जिसमें देवास शहरी क्षेत्र 34599,विकासखण्ड बरोठा. 27744 ,विकासखण्ड सोनकच्छ 20540,विकासखण्ड टोंकखुर्द 15809,विकासखण्ड बागली 38288 ,विकासखण्ड खातेगांव 22400 एवं विकासखण्ड कन्नौद 30986 बच्चे है। इस हेतु आवश्यक वैक्सीन जिला वैक्सीन स्टोर के माध्यम से समस्त वैक्सीन फोकल पॉइंट में समय पर उपलब्ध करा दी जावेगी । वैक्सीन के अतिरिक्त समस्त संसाधन जैसे वैक्सीन कैरियर, आईसपैक आईएलआर,डिपफिजर, कोल्डबाक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा चुका है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बताया कि भारत देश सन-2014 में पल्स पोलियो मुक्त हो चुका है म.प्र.में सन-2008 में जबलपुर नगरीय क्षेत्र में एक पोलियो का अंतिम कैस चिन्हित हुआ था उसके बाद कोई भी केस नही पाया गया । भारत देश के पडोसी राष्ट्रों में पोलियो के केसेस पाये जा रहे है ,जिसके कारण सावधानी बतौर अभियान चलाया जाकर जन्म से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभिरक्षित किया जाने का कार्य किया जावेगा । अभियान के दौरान प्रथम दिवस बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई जावेगी एवं द्वितीय तथा तृतीय दिवस 24 और 25 जून को दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर -घर दवा पिलाई जाएगी । बस स्टेण्ड,रेल्वे स्टेशन, नवनिर्माण स्थलों, ईंट भट्टे,क्रेशर खदान, स्लम बस्ती, झुग्गी-झोपडी व खेत खलिहान , धुमक्कड डेरों , जैल परिसर तथा आद्योगिक क्षेत्र में भी विशेष रूप से अभियान के अंतर्गत पोलियो की दवा पिलवाने की व्यवस्था की गई है ।

# युवती का अपहरण करने वाले आरोपी के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### युवती की तलाश अभी जारी



**बागली।** जेसीबी से आरोपी का तोडा मकान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

उदयनगर में आदिवासी युवती के अपरहण मामले में शनिवार को प्रशासन ने आरोपी साहिल के घर पर बुलडोजर चलाकर उसका घर ध्वस्त कर दिया। घटना के पश्चात उदयनगर में गुरुवार को अपहरण मामले को लेकर आवेशित भिड ने तोड़फोड़ की थी, जिसके बाद प्रशासन ने दो दिन का समय मांगा था। शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में उदयनगर प्रशासनिक व पुलिस अमले कि उपस्थित में कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर को सामने से ध्वस्त किया गया है। लापता लड़की एवं आरोपी लडके को पकड़ने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।हालांकि अभी भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों व हिन्दू संगठनों के आक्रोश के चलते प्रशासन ने साहिल के घर बुलडोजर चलाकर कार्यवाही की है। पहली बार उदयनगर में बुलडोजर कार्रवाई देखने को मिली है। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा है। हालांकि चर्चा भी यह चल रही है की मामले को शांत करने लिए आरोपी के घर का जो अतिक्रमण वाला हिस्सा था ,उसे ही तोड़ गया है। हालांकि प्रशासन व्दारा इस कार्रवाई को बुलडोजर कार्रवाई का नाम दिया जा रहा है।

# भारतीय किसान संघ नवीन तहसील कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

कृषि उपज मंडी बागली में भगवान बलराम का पूजन कर नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष अनिल पाटीदार, मंत्री सतीश प्रजापत ने बैठक की शुरुआत की। बैठक में सभी गांव में ग्राम समिति बनाने एवं आगामी बारीश मे पौधरोपण पर चर्चा हुई। बैठक के बाद एसडीएम कार्यालय जाकर इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे, इंदौर बुधनी रेल लाइन में अधिकृत भूमि से अधिक भूमि लेने की शिकायत का ज्ञापन एसडीएम आफीस में दिया गया। तत्पश्चात बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री उमेश चोरसिया को ओवरलोड ट्रांसफार्मर ,केबल, तार चोरी एवं चापड़ा से डबल चौकी 33 केवी लाइन का समय सीमा में सुधार करने हेतु ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष नारायण मंडलोई, सहमंत्री चंपालाल मुकाती , मुकेश पाटीदार उपाध्यक्ष इंदर सिंह सेंधव, देवकरण यादव, विक्रम सिंह उदावत, डालुराम भाटी, मधुसूदन वेष्णव, ओम यादव किशोर सोरठ, मोहन यादव किशन लाल यादव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### माता टेकरी पर चंडी यज्ञ में श्रद्धालु प्रतिदिन डाल रहे आहूतियां



**देवास।** 20 जून से माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का प्रारंभ होगा। यज्ञ समिति के अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि पं. सुभाष शर्मा रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में प्रतिदिन श्रद्धालु यज्ञ में आहूतियां प्रदान कर रहे हैं तथा सैकड़ों की संख्या में माता के दर्शन कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

### युवा दंपती डॉ. हेमंत व हर्षा तिवारी ने शहर में विभिन्न स्थानों पर करवाया योग

**देवास।** शहर की युवा दंपती डॉ. हेमन्त तिवारी एवं डॉ. हर्षा तिवारी ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सीआईएसएफ, केन्द्रीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर विजय नगर, वृद्धाश्रम वसेरा, रामाश्रय आश्रम, जीरा कंपनी एवं अन्य सेंटरों पर योग सिखाया। डॉ. हेमन्त तिवारी काफ़ी समय से योग से जुड़े हुए हैं। डीएसवीवी से एमए योगा डिग्री ली। 15 साल तक दिल्ली की प्रसिद्ध कंपनी, कॉर्पोरेट, होटल, इंस्टीट्यूट में योग सिखाया। कोरोना के समय से से देवास में है। दोनो दम्पति ने प्राकृतिक चिकित्सा और योग चिकित्सा के माध्यम से लोगो को ठीक किया है। हाल ही में हेमन्त को अयोध्या में राष्ट्रीय योग सम्मान में स्वामी विवेकानन्द का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला है। डॉ. हेमन्त ने बताया कि उन बच्चों के लिए ग्रीष्मकाल में सृष्टि क्लब में 2 महीने का समर कैंप का आयोजन किया गया। इस तरह के इवेंट और कैंप करते रहते हैं। योग चिकित्सक हर्षा तिवारी ने बताया एक्यूप्रेशर से भी किसी भी तरह के दर्द को कम किया जा सकता है। स्टीम बाथ, मड पैक, मसाज थेरेपी आदि से रोगो को जड़ से मिटाया जा सकता है।

# करनावद धड़ल्ले से जारी है नशे का करोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा




नगर करनावद एवं फाटे पर संचालित शराब की दुकान एक पार्टी के एक जिम्मेदार पदाधिकारी की बताई जा रही है। शराब दुकान मालिक संगठन में बड़े पद पर काबिज है, जिसके कारण आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी संरक्षण मिल रहा है और डायरी पर बिकने वाली शराब पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वर्तमान में नेताओं के बोलबाले हैं, जिनके आगे सारे नियम कायदे बोने साबित हो रहे हैं। अधिकारी व नेताओं कि सांठगांठ के चलते कार्रवाई में दम नजर नहीं आ रहा है। आबकारी नीति की बात की जाए तो काउंटर से ही शराब विक्रय करने का नियम है, लेकिन अधिक मुनाफा कमाने के लिए गांव गांव में डायरी के नाम पर शराब सप्लाई की जा रही है और नशे का करोबार चल रहा है। नगर करनावद में दो स्थानों पर शराब की दुकान संचालित होती है।

दोनों ही एक ही नेता की दुकानें बताई जाती हैं। साथ ही डबल चौकी क्षेत्र में संचालित होने वाली दुकान भी इन्हीं के अधीन है, उस क्षेत्र में भी सारे नियम कायदे ताक पर रखकर दुकान का संचालन हो रहा है। आखिर प्रश्न यह उठता है कि आबकारी विभाग में बैठे जिला अधिकारी क्यों बेबस नजर आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब व्यवसायी व अधिकारियों में कुछ तो ऐसा है जो कार्रवाई के आड़े आता है, जिसके कारण अवैध शराब का कारोबार ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रहा है। हालांकि आबकारी विभाग जब तब महुआ लहान से बनने वाली शराब के ठिकानों पर दबिश देकर इतिश्री कर लेता है। एक तरफ सरकार नशामुक्ति का अभियान चलाकर लाखों रुपए खर्च करती है, दूसरी तरफ नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसमें वैध और अवैध दोनों ही प्रकार का कारोबार शामिल है। कड़ी कार्रवाई भी होती नजर नहीं आती है ।

हरिभूमि लगातार


ग्रामीण क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

ग्रामीण क्षेत्र में बिकने वाली अवैध शराब पर शिकायत के बाद भी अंकुश नहीं लग पा रहा है। वास्तविक स्थिति देखी जाए तो ... और इसी के चलते क्षेत्र में विवाद भी हो रहे हैं, और कई बार बड़ी घटनाएं भी घटित हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार आबकारी विभाग, पुलिस विभाग व जनप्रतिनिधियों को इसकी कोई परवाह नहीं है, सभी अपना ...

### की जाती है कार्रवाई

अवैध शराब के खिलाफ करनावद में करवाई की गई है, ओर अवैध शराब के खिलाफ हम कार्रवाई करते हैं। करनावद नेता की शराब दुकान होने वाले प्रश्न पर जवाब न देते हुए टाल दिया।

**मंदाकिनी मिश्रा,** आबकारी जिला अधिकारी देवास

# तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी सृजन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



अभिरूचि ललित कला अकादमी एवं शोध संस्थान में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी सृजन का शुभारंभ हुआ। संस्थान मे अध्ययनरत फाइन आर्ट के विद्यार्थियों द्वारा अपनी कलाकृतियों में समकालीन चित्रों के साथ-साथ लोक कलाओं को भी प्रदर्शित किया है,जिसमे मुख्य रूप से अजंता शैली का चित्रण किया गया है। विद्यार्थियों के वाटर कलर आदि द्वारा व अन्य माध्यमों से किए कला कार्य भी आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी का उद्घाटन उज्जैन के वरिष्ठ नाट्य लेखक,निर्देशक सतीश दवे, अरुणा सारस्वत संरक्षक,भारतीय शिक्षण मंडल,उज्जैन,देवास के वरिष्ठ चित्रकार रमेश आनंद, राजेश मीना,उज्जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सुधीर पंडित, मोहन सिंह राजपूत, अमित पिठवे, डॉ. सोनाली चौहान, जयप्रकाश चौहान, क्रिश सुल्तानिया, नीलेश कुलकर्णी, शिवानी सोनी,ममता मालवीय, रोहित नंदाने, मैत्रेयी सिंह ठाकुर व देवास के कलाकार,कलाप्रेमी उपस्थित थे। संस्थान के अमित पिठवे ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक लोक कलाओं पर बच्चों के लिए निशुल्क कार्यशाला भी रखी गई है

### विश्व संगीत दिवस पर 12 घंटे में 100 गायकों के स्वर गूंजे

# सेवा बस्ती के बच्चों ने भी दी संगीत की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




अंतर्राष्ट्रीय संगीत दिवस की 42 वी वर्ष गांठ पर 21 जून को विक्रम सभा भवन में सिंगिंग फॉर चौरिटी ग्रुप द्वारा आयोजित 12 घंटे सतत चले संगीत दिवस समारोह में देवास, इंदौर, उज्जैन सहित क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक गायक गायिकाओं ने देश के प्रसिद्ध महान पार्श्व गायकों के सदाबहार गीतों को उन्ही के अंदाज में प्रस्तुति देकर संगीत दिवस को अनूठे अंदाज में मनाया। सिंगिंग फॉर चौरिटी ग्रुप के अध्यक्ष राजेश पटेल ने बताया कि देवास महान शास्त्रीय संगीत साधकों की नगरी है। वर्तमान में सैकड़ों गायक गायकी विधा से जुड़े हुए है । संगीत गायकी कला के साथ मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने वाली थेरेपी है । जन मानस को संगीत के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य को लेकर देवास में विगत वर्ष से हमारे सिंगिंग फॉर चौरिटी ग्रुप द्वारा विश्व संगीत दिवस पर 12 घंटे सतत संगीत समारोह की परंपरा प्रारंभ की। देवास सहित इंदौर, उज्जैन, मक्सी एवं आसपास लगभग 100 गायक साधकों ने उम्दा प्रस्तुति दी, साथ ही सेवाबस्ती के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। योग शिक्षिका मोना तिवारी ने योग को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रातः11 बजे से रात 11 बजे तक सतत चले इस आयोजन का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीत नृत्य गुरु प्रफुल्ल गहलोत , बी ई ओ एवं गायक अजय सोलंकी, समाज सेवी संगीत प्रेमी मदन सिंह धाकड़, एस बी आई के पूर्व महाप्रबंधक राजेश दुबे के प्रमुख आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियो का स्वागत ग्रुप के अध्यक्ष राजेश पटेल, मार्गदर्शक हेमंत शर्मा , सचिव डॉ जुगल किशोर राठौर , मार्गदर्शक देवेंद्र पंडित, सुनील पाल, अनिल चौधरी, रेणुका राठौर, मंजु दांडे, रमेश चौधरी, अभय मूले, मनीष उपाध्याय, प्रीति चौधरी आदि ने सभी अतिथि को पोधा भेंट कर स्वागत किया। समापन में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, दे वि प्रा के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर दायमा, पार्षद राहुल दायमा, के अतिथ्य में सहभागी समस्त गायकों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मान किया । आयोजन का संचालन ग्रुप के संयोजक चेतन उपाध्याय ने किया । आभार डॉ जुगल किशोर राठौर ने माना।

### योग भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहारः चावड़ा



**बागली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बागली के मंडी प्रांगण में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि आगमन के पश्चात मुख्यमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण देखा गया। उक्त कार्यक्रम की सूत्रधार ब्लॉक योग प्रभारी शीला राठौर थी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी आनंद मालवीय, जनपद सीईओ राजू मेड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश शर्मा सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। विश्व योग दिवस के इस आयोजन के अवसर पर शीला चावड़ा ने योग पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार हैं। आज पूरी दुनिया न सिर्फ योग दिवस मना रही हैं, बल्कि योग को दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा मान चुकी है।

खबर संक्षेप

## करण सिंह दरबार का निधन, दी श्रद्धांजलि



**इछावर।** झालकी निवासी ठाकुर करणसिंह टांक दरबार का प्रभु मिलन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बता दें ठाकुर करण सिंह दरबार अपने पीछे पुत्र कृपाल सिंह दरबार,राजेंद्र सिंह दरबार, चंद्रपाल सिंह दरबार भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवीद्ध संजय सिंह दरबारएवं पूरा हरा भरा परिवार छोडकर गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में आम जन ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और परिवार को संबल बंधवाया, करण सिंह दरबार ग्राम के सभी कार्यों को चाहे वह आर्थिक धार्मिक या सामाजिक हो बड़ी सहिजता से करते थे उनका व्यक्तित्व सदा याद रखा जाएगा, सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

## पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य जिला अध्यक्ष नियुक्त



**जावर।** नगर परिषद जावर के लोकप्रिय पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को मध्य प्रदेश पालक महासंघ मध्य प्रदेश द्वारा सीहोर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उक्त संबंध में प्रदेश संगठन द्वारा जिला कलेक्टर सीहोर पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है पालक महासंघ मध्य प्रदेश द्वारा जिन निजी एवं शासकीय स्कूलों में मनमानी फीस एवं छात्रों को दी जाने वाली सुविधा एवं मानवाधिकारों का हनन किया जाता है उन सभी निजी एवं शासकीय विद्यालयों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर कार्यवाही करने का कार्य किया जाता है पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद जावर शैलेश वैद्य ने संगठन के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार माना एवं जल्द ही जिले एवं तहसील की कार्यकारिणी गठित करने का भरोसा दिलाया।

## संभागीय ऑब्जर्वर ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** मप्र राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 का 23 जून को जिला मुख्यालय के 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए सुचारू संचालन के लिए सेवा निवृत आईएएस डॉ अशोक कुमार भार्गव को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ भार्गव ने आज सीहोर जिला मुख्यालय स्थित सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डॉ. भार्गव ने सभी केन्द्राध्यक्षों को विद्युत तथा पेयजल की सतत आपूर्ति के साथ ही परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, पंखे, बैठक व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में साफ-सफाई तथा परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र के गेट पर परीक्षा के संबंध में आयोग के निर्देशों को प्रदर्शित करने के लिए कहा। मप्र राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित होगी।

# कोई भी कर्मचारी छोटा-बड़ा नहीं होता, वह अपने कामों से जाना जाता है: रायसिंह मेवाड़ा

### सीएम हेल्प लाइन के निराकरण में आष्टा निकाय प्रदेश में आई अव्वल, नपा ने आयोजित किया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हर विभाग में कर्मचारी, अधिकारी एक परिवार की तरह होते हैं। कोई कर्मचारी छोटा बड़ा नहीं होता है, वह केवल अपने कामों से जाना जाता है और जो कर्मचारी उत्साह पूर्वक, निष्ठा से अपने काम को समयसीमा में पूरा करे यह उनके लिए सराहनीय कार्य होने के साथ उनकी उत्कृष्टता को सम्मान मिलना है। यह उनका अधिकार भी होता है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरपालिका आष्टा सीएम हेल्पलाईन में संपूर्ण मध्यप्रदेश में नंबर 1 आने पर आयोजित कर्मचारियों के स्वागत सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा मंचासीन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, अतीक कुरैशी, कालू भट्ट, तारा कटारिया, विशाल चौरसिया का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात् सीएम हेल्प लाईन में आष्टा निकाय को प्रदेश में नंबर 1 बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कर्मचारी सीएम हेल्प प्रभारी राजेश दुबे, अतिक्रमण प्रभारी, कैलाश घेंघट, उपयंत्री अनिल धुर्वे, स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते,



जितेन्द्र सिंगन, आदित्य तलनीकर, आयूषी भावसार, मोहम्मद इसरार, कमरूद्दीन, राकेश विश्वकर्मा आदि का मंचासीन अतिथियों द्वारा पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संपूर्ण प्रदेश में आष्टा निकाय का नाम रोशन करने पर उपस्थित कर्मचारियों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

साथ ही समस्त कर्मचारियों को कहा कि जिस प्रकार सीएम हेल्प लाईन में आप लोगों ने एक साथ होकर कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में निकाय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने कुशल मार्गदर्शन एवं दृढ़संकल्पित भाव से नगरहित में कार्य करने वाले मुख्य नगरपालिका अधिकारी के अथक प्रयास से प्रदेश में नगरपालिका आष्टा प्रथम स्थान प्राप्त किया है, ऐसे कर्मठ अधिकारी का निकाय के कर्मचारियों द्वारा सम्मान किया। अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि निकाय के मुखिया नपाध्यक्ष व पूरी परिषद तथा सीएम हेल्पलाईन प्रभारी सहित अन्य कर्मचारियों के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है।

हमारी निकाय के जनप्रतिनिधि सहयोगात्मक भावना से कार्य करने वाले है, आपका दायित्व बनता है उनकी भावना को ठेस न पहुंचे उसका ध्यान रखते हुए ही सौंपे गए दायित्व का गंभीरता से निर्वहन करें। स्वच्छता में निकाय को टॉप-10 में पहुंचाना है। इस हेतु निकाय के समस्त कर्मचारीगण सहयोग करें, क्योंकि कोई एक के दम पर किसी भी कार्य को अंजाम तक पहुंचाना संभव नही है। सभी के सहयोग से ही सफलता प्राप्त होती है।

### जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी, कर्मचारियों और महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों ने किया योगाभ्यास

# योग दिवसः जिले भर में कई संस्थानों ने मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस, योग क्रियाएं कर सीखे निरोगी रहने के गुर








### सरकारी संस्थानों के साथ निजी संस्थानों और स्कूलों में हुए कार्यक्रम आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/श्यामपुर/भैरूंदा/सीहोर

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में किया गया। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा योग कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में तहसीलदार पंकज पवैया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, प्राचार्य सी एम राइज सितवत खान, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत,थाना प्रभारी रविंद्र यादव,मंडी सचिव प्रवीणा चौधरी, मंडल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग संजय त्रिवेदी, मॉडल स्कूल प्राचार्य सी.एल. पेठारी, आयुष विभाग से डॉ शाइनी अंजुम, आंगनवाड़ी, आशा एवं उषा कार्यकर्ता भी उपस्थित रही।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग और संगीत दिवस

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा में बड़े हर्ष तथा उल्लास के साथ योग दिवस मनाया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, योग के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह उस प्राचीन भारतीय प्रथा को मान्यता देने का दिन है, जो मानसिक और शारीरिक कल्याण पर केंद्रित है। इसी के साथ ही विश्व संगीत दिवस पर मन को आनंद से भर देने वाली धुन विजय चौधरी के द्वारा सुनाई गई तथा संगीत सुनने से होने वाले लाभों की ओर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने अपने प्रेरक शब्दों से योग को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया व स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दी ।योग दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

### योग दिवस पर जावर में किया योग

**जावर।** सब समरस होकर चलें, सब स्वर हो एक समान। बुद्धि बने धीर यो,जैसी थी प्रारंभ चरण में। झलक उठे दिव्यता हर पवन प्रयास में। उक्त प्रार्थना के साथ अंतरराष्ट्रीय (दसवां) योग दिवस का आयोजन नगर के सी एम राइज विद्यालय प्रांगण में नगर परिषद के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में वृहद स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक योग प्रभारी मोहम्मद अकबर सिद्दीकी ने बताया कि डॉ ओमप्रकाश दुबे योग निदेशक, तथा जयनारायण राठौर (योग शिक्षक) के दिशा निर्देशन में उपाथित योग अभ्यासी जनों ने प्रार्थना पश्चात संगीतमय वातावरण में चालन क्रियाएं के अंतर्गत खड़े होकर सिर,गर्दन,कंधे, हाथ, पेट, कमर के साथ-साथ पैरों के सूक्ष्म व्यायाम किए गए। इस अवसर पर योग के प्रचार प्रसार तथा योग के क्षेत्र में कार्य कर रहे डॉ ओमप्रकाश दुबे, जयनारायण राठौर, मो अक़बर सिद्दीक़ी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि बहन मंजू वैद्य अध्यक्ष नगर परिषद्, प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने उपस्थित जनों को योग संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डीसी बाहेती, बाबूलाल पटेल, कल्याणसिंह ठाकुर, रामनारायण मालवीय थाना प्रभारी, हरीश कुमार सोनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजेंद्रसिंह केशव मंडल अध्यक्ष,खुमानसिंह ठाकुर, नितिन कुमार कौशल प्राचार्य, अजय कुमार मिश्रा उपप्राचार्य, विजेंद्रसिंह ठाकुर, कुमेरसिंह ठाकुर, तेजसिंह भाटी किसान मोर्चा, राजेंद्रसिंह, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, सविता मालवीय अधीक्षिका कन्या छात्रावास, सुजाता मालवीय, पवन कुमार राठौर, गजेन्द्र विश्वकर्मा, कमलेश खत्री, धर्मेन्द्र कुमार खत्री,रामस्वरूप वर्मा, विकास जायसवाल,आदि के पुलिस थाना जावर, पीएम श्री शा कन्या विद्यालय, नगर पालिका कर्मचारीगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्यामपुर के हनुमान मंदिर पर हुआ योग



**श्यामपुर।** 10 बे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर श्री चोपड़ा वालेहनुमान मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के द्वारा योग दिवस मनाया गया। योग दिवस पर विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार ने सूर्य नमस्कार ताड़ासन वृक्षासन कपालभाति व योग की अनेकप्रक्रिया बताई। विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरा विश्व मना रहा है आदिकाल से योग का बहुत महत्व है। योग दिवस पर दिव्यज्योति जागृती संस्थान के स्वामी महादेवानंद ने भी उद्बोधन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, मंडल महामंत्री परमानंद मीणा, मंडल कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी रमेश पाटीदार, व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, संजय पाटीदार, बूथ अध्यक्ष विष्णु प्रजापति, सीताराम पाटीदार, सुनील पुष्पद, कैलाश पाटीदार, दुर्गा प्रसाद, हीरालाल पुष्पद, धर्मेंद्र जाट, सुरेश पाटीदार, विष्णु महेश्वरी, राकेश पाटीदार, सुभाष धनगर, कमल पाटीदार, बबलू मालवीय व श्यामपुर नगर के वरिष्ठ वयुवा योग शिविर में सम्मिलित हुए।

### राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया



**भैरूंदा।** नगर के अग्रणी राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भारतीय संस्कृति के महत्व को योग के माध्यम से उजागर किया यह आयोजन कॉलेज की पौराणिक परंपराओं को नवीनतम तकनीकी योगदान के साथ जोड़ने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों शिक्षकों ने योग आसनों का प्रदर्शन कर अपनी दक्षता को प्रदर्शित किया सभी को योग का महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ नरेंद्र सिंह भाटी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को योग के बारे में बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। बल्कि मानसिक शांति और आत्मा के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर संस्था के उप प्राचार्य डॉ वाय एस चदेल, क्रीडा अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान, सहायक प्राध्यापक सीएल मालवीय, संजय शिंदे, भगवान पवार, देवेन्द्र कुशवाहा, आनंद अहिरवार, अभिषेक विश्वकर्मा, अजय सिंह, विक्रम हलवाई, प्रीति कीर, प्रीति अग्रवाल, आरती माहेश्वरी, रामेश्वरी नागर, पार्वती मीणा, प्रतिभा मुकाती, रीना केवट, पायल सेन आदि उपस्थित रहे।

### पुलिसकर्मियों ने किया योगासन




**भैरूंदा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार, एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शक थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने थाना भैरूंदा में पुलिसकर्मियों के साथ सुबह 6 बजे से थाने में ही योग कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस दौरान थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के साथ थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने योग किया। साथ ही साथ आस पास के लोगो को भी योग करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मौके पर मौजूद योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी सहित सभी पुलिस कर्मियो ने पोधा रोपण भी किया थाना परिसर में करीब एक फलदार पौधे रोपे गए। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि हर व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिए। साथ ही रोपे गए पौधे की सुरक्षा का भी दायित्व निर्वहन करना उसका मुख्य दायित्व है। पौधारोपण से अधिक उसकी सुरक्षा करना उससे भी अधिक पुण्य का काम है। इसलिए हमें पौधा लगाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। हम उसकी सुरक्षा कर सकें, तो ही पौधा लगाए। पौधारोपण में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किया गया योगाभ्यास



**सीहोर।** नेहरु युवा केन्द्र सीहोर द्वारा शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पवन पंसारी और मेघा महेश्वरी द्वारा छात्राओं को कपालभांति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम और सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर शक्ति तिवारी और कॉलेज स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सर्वाधिक मतदान कराने वाले बीएजी ग्रुप के सदस्यों का किया सम्मान

# लोकसभा चुनाव में बुदनी मतदान में बना नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सबसे अधिक मतदान करने वाली बुधनी विधानसभा के अन्तर्गत भैरूंदा जनपद के सर्वाधिक मतदान कराने वाले बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों और मास्टर ट्रेनर तथा पत्रकारों को कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भैरूंदा में आयोजित बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला में कलेक्टर सिंह ने सर्वाधिक मतदान कराने वाले बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों और मास्टर ट्रेनर को सम्मानित करने के लिए कहा था।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में भैरूंदा जनपद के बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों ने बुदनी विधानसभा को नंबर वन बनाने का वादा किया था, जो उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह सबसे बडा लक्ष्य था जिसे ग्रुप के सदस्यों ने पूरा करके दिखाया है और जिले को प्रथम स्थान दिलाकर प्रदेश में जिले का मान बढाया है। श्री सिंह ने कहा कि भैरूंदा जनपद के बीएजी ग्रुप के सदस्यों ने यह मिसाल पेश की है, कि यदि पूरे मन से संकल्प लेकर निरन्तर प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित




ही मिलती है। कलेक्टर श्री सिंह ने बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने यह भी दिखाया है कि बुधनी विधानसभा को नम्बर वन बनाने के लिए केवल संकल्प ही नहीं लेना है, बल्कि उस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी इच्छा शक्ति के साथ टीमवर्क के रूप में अथक प्रयास भी करना पड़ता है। सिंह ने बीएजी के सभी सदस्यों को तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में बुधनी को नम्बर वन बनाने की इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकानाएं देते हुए कहा कि भविष्य में आपकी टीम हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करेगी। कार्यक्रम में एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी, जनपद सीईओ देवेश सराठे, तहसीलदार सौरभ वर्मा सहित बीएजी ग्रुप के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी, शिक्षक, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# वन अमले ने वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

शुक्रवार को वन अमला द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर वन परिक्षेत्र की गादिया बीट में करीब 0.3 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। आरोपी द्वारा उक्त वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती करने के प्रयास किया जा रहा था इसी दौरान वन अमले ने मौके पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। साथ ही मौके से एक ट्रैक्टर व कल्टीवेटर जब्त किया है। वन मंडलअधिकारी मगन सिंह डाबर के मार्गदर्शन व एसडीओ राजेश शर्मा के निर्देशन में रेंजर नवनीत झा द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है। इसीके तहत शुक्रवार को वन विभाग की टीम खेरी सबरेंज के तहत आने वाली गादिया बीट के कक्ष क्रमांक 245 पहुंची। जहां आरोपी हेमराज धनगर द्वारा करीब 0.3 हेक्टेयर वन



भूमि पर किये गए अबैध कब्जे को जेसीबी मशीन से हटाते हुए खेत को तहस नहस कर दिया। इस संबंध में रेंजर नवनीत झा ने जानकारी देते हुए बताया कि गादिया बीट के कक्ष क्रमांक 245 में आरोपी वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती करने का प्रयास किया जा रहा था। मौके से एक ट्रेक्टर और काल्टीवेटर को जब्त किया, जिन्हें इछावर रेंज आंफिस लाया गया है। उक्त कार्रवाई में डिप्टी रेंजर चंदर सिंह भिलाला, डिप्टी रेंजर आरपी मिश्रा, वनपाल मुकेश ठाकुर, वन रक्षक विकास, संजय शर्मा, राजेश मेश्राम, चंदर वर्मा, ववन सिंह, संजय यादव, अशोक जाट व अन्य सुरक्षा श्रमिक साथ रहे।

### महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ते अपराध, नर्सिंग कॉलेज घोटाला, नीट-यूजी परिणामों में धांधली के खिलाफ

# डीएसओ, एमएसएस व डीवायओ का संयुक्त विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन एवं ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त रूप से पूरे देशभर सहित मध्यप्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते भयंकर अपराधों,नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट व यूजी परीक्षा परिणामों में धांधली एवं बेरोजगारी के खिलाफ स्थानीय दास हनुमान मंदिर चौराहे पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत गगन भेदी नारों से हुई। प्रदर्शन को महिला संगठन एआईएमएसएस जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रभा लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा देश महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों की चीख पुकार से कराह रहा है। मध्य प्रदेश के खुरई, अशोक नगर, सीधी,भोपाल, ग्वालियर, मालनपुर, रीवा आदि जगहों पर महिलाओं एवं छात्राओं के साथ अमानवीय व हिंसक तरीके से बलात्कार व यौन अपराधों को अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं सागर जिले के खुरई में तो सरे राह




युवती को दबंगों द्वारा छेड़ा गया विरोध करने पर उसके भाई और चाचा की पीट पीटट कर हत्या कर दी गई। जो अपराधियों के हौसलों को और बढ़ाता है। इसके साथ ही अश्लीलता अपसंस्कृति, शराब-नशा, पोर्न-साइट अपने चरम पर है जिनको रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। जबकि अपराधों को बढ़ाने में ये सभी कारण जिम्मेदार हैं। 4 साल से नर्सिंग छात्रों की कोई परीक्षा नहीं हुई। ऊपर इतनी बड़ी गड़बड़ी चल रही है। छात्र आंदोलन के दबाव में इस वर्ष परीक्षा ली गई। इतना ही नहीं मेडिकल फील्ड में आगे बढ़ाने के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने नीट परीक्षा कड़ी मेहनत के साथ दी उसका अंजाम भी हमने देखा। इन सभी धोखाधड़ी का जवाब कौन देगा ? यह सिर्फ छात्रों नौजवानों की लड़ाई नहीं है इसमें आम जनता को उतरकर आना पड़ेगा ,आंदोलन में भाग लेना पड़ेगा, सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा, तभी यह कुंभकरण की नींद सोई हुई सरकारे जागेगी। प्रदर्शन को एस यू सी आई सी पार्टी के कार्यालय सचिव कामरेड महेंद्र नायक ने भी संबोधित किया महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों, नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट, यू जी परीक्षा परिणाम में धांधली आदि विषयों पर विस्तार से बात रखी व इस आंदोलन को एसयूसीआई सी पार्टी का समर्थन दिया। और कहा कि देश के छात्र,युवा और महिलाएं अब जागरूक हो रहे हैं, अन्याय अत्याचार के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, लड़ रहे हैं। सबको मिलकर इन तमाम समस्याओं के खिलाफ मजबूत और संगठित जन आंदोलन तैयार करना होगा यही वक्त की पुकार है। उन्होंने आम जनता से अपील की, कि सभी लोग इस आंदोलन में शामिल हो।

# विधायक की जनता दरबार में क्षेत्र की समस्याओं का किया जा रहा निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने जनता दरबार में उपस्थित लोगो को लोकसभा चुनावों में सांसद रोडमल नागर को भारी बहुमतों से जिताने के लिए आभार एवम धन्यवाद दिया। साथ ही जनता दरबार में उपस्थित लोगो को परिवार की संज्ञा देते हुए कहा कि आप सभी मेरा परिवार हो। और मेरे आप सभी की समस्या मेरी समस्या है जिसका मैं जल्द से जल्द निराकरण करवाऊंगी। हालांकि कुछ दिनों पूर्व लोकसभा चुनाव को लेकर काफी व्यस्तता रही, जिसके कारण सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारी भी काफी व्यस्त रहे। क्षेत्र, जिले सहित प्रदेश कार्यालयों का काफी कार्य सुचारू रूप नही हो पाया अब आचार संहिता समाप्ति उपरांत सभी कार्य सुचारू रूप से चलेंगे और विधायक दरबार में पहले की भांति आप लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी होगा। विधायक प्रियंका पैंची के जनता दरबार की खासियत ये है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं और कई लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण भी करवाते हैं। कभी शिकायत तो कभी समस्या का सिलसिला चलता रहता है। कुछ ऐसे काम भी होते हैं,जो विधायक के एक फोन करवाने से हो जाते हैं। कई बार शिकायत होती है कि संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं या फाइल अटकी हुई है, ऐसे में मामले की गंभीरता देखकर विधायक संबंधित अधिकारी को तत्काल फोन करते हैं और उनका काम करवाते हैं। जनता दरबार को लेकर विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि यही परिवारजन हमारी पूंजी है। इनकी बदौलत ही तो हम इनके प्रतिनिधि बने है। अगर हम इनकी नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे। इसीलिए मैं उनको समय देती हूं। लोग अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्या लेकर आते हैं। जितना हो सके उन्हें हल करने का प्रयास करती हूं। लोगों का आवेदन संबंधित विभाग तक नहीं पहुंचा रहता हैं उन्हें भी यहां से मार्गदर्शन देते हैं। उनका आवेदन भी बनवाते हैं ताकि समय पर उनका आवेदन विभाग में सही जगह पहुंचे और उनका काम जल्दी हो सके।

**क्षेत्र,जिले सहित प्रदेश कार्यालयों का काफी कार्य सुचारू रूप नहीं हो पाया अब आचार संहिता समाप्ति उपरांत सभी कार्य सुचारू रूप से चलेंगे**

# पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी करने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कालापीपल

नशे का कारोबार करने वाले और अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी करने वाले 2 आरोपियों से 1 लाख 32 हजार का 22 किलो ग्राम डोडा चूरा बरामद किया। एसपी यशपालसिंह राजपूत द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने समस्त थानों को निर्देशित किया गया था।

इसी के तहत अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं कार्यवाही के लिए कालापीपल थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया। थाना कालापीपल पुलिस को 21 जून को सूचना प्राप्त हुई की रेलवे स्टेशन के पास दरगाह तरफ महाकाल ढाबे के पास दो व्यक्ति साथ में अलग अलग झोले में मादक पदार्थ डोडा चुरा लेकर खड़े हैं। सूचना पर कार्यवाही कर



पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास दरगाह तरफ महाकाल ढाबे के पास पहुंच कर देखा। दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिसे पुलिस ने पकड़ा जिसने अपना नाम धर्मेन्द्र पिता पप्पू सिंह उम्र 21 साल निवासी सिंधी केंप थाना बाडी जिला रायसेन व दूसरे ने अपना नाम कल्लू पिता स्व सुरी सिंह उम्र 21 साल निवासी सिंधी कॅप थाना बाडी जिला रायसेन के होना बताया। तलाशी पर अवैध रूप से मादक पदार्थ डोडा चुरा होना पाया गया। उक्त डोडा चुरा का वजन करते 22 किलो ग्राम निकला जो कीमती करीबन 1,32000 रूपये के जप्त किये गये। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय ने आरोपियों को 5 दिवस का पुलिस रिमाण्ड हेतु भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना कालापीपल निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भण्डारी, उनि तेजप्रकाश बोहरे, विशाल पटेल, विवेक गोस्वामी, राहुल आरक्षक वेदप्रकाश परमार, आरक्षक नयन यादव, आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक अभिषेक, आरक्षक अखिलेश, आरक्षक शैलेंद्र की मुख्य भूमिका रही।

# वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत तेंदूपत्ता का बंपर संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत इस वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता के कुल लक्ष्य 1600 मानक बोरा के विरुद्ध 1779 मानक बोरा तेंदुपत्ता का संग्रहण हुआ है, जो लक्ष्य का 111% है। वन परिक्षेत्र अधिकारी राघोगढ़ के.सी. अहीर ने बताया कि इस वर्ष परिक्षेत्र अंतर्गत संचालित दोनो प्राथमिक लघु वंनोपज सहकारी समितियो रुठियाई प्रथम एवं रुठियाई द्वितीय की समस्त फड़ो में तेंदूपत्ता की पिछले वर्ष की तुलना में कम उपज हुई है, लेकिन फिर यह लक्ष्य से अधिक ही हुई है। इस वर्ष अप्रैल माह में तेंदूपत्ता की झाड़ियों में नया पत्ता बनने के दौरान हल्की असामयिक बारिश होने से बीड़ी बनाने योग्य तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे उपज की मात्रा पर कुछ प्रभाव पड़ा है। यह तेंदूपत्ता लगभग 30 ग्रामो के कुल 2557 परिवारों द्वारा कुल 23 फड़ो पर संग्रहित किया गया, जिन्हें 4000 रुपए प्रति मानक बोरा के हिसाब से कुल 71 लाख रुपये से भी ज्यादा संग्रहण मज़दूरी का भुगतान उनके बैंक खातों



में किया जा रहा है। गौरतलब है कि हर वर्ष माह मई में वन विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बीड़ी बनाने में प्रयुक्त तेंदूपत्ता का संग्रहण करवाया जाता है, जो स्थानीय लक्ष्य एवं उत्पादन के आधार पर 7 दिवस से 25 दिवस तक चलता है। वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विभिन्न फड़ो में 3 से 7 दिवसों तक चला था। तेंदुपत्ता संग्रहण मज़दूरी भुगतान के लगभग 2 वर्ष बाद संग्राहकों को बोनस भी दिया जाता है।

# लायंस हेल्पिंग हैंड्स ने मनाया योग दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब अशोकनगर, द्वारा एमजेएफ लायन वैशाली सलूजा के सौजन्य से, लायन लखन यादव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग दिवस के मानकों के आधर पर सभी सदस्यों को योगाभ्यास करवाया गया। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर किरन चिटकारा को आमंत्रित किया गया, जोकि एक सर्टिफाइड योग ट्रेनर हैं।जोन चेयरपर्सन वैशाली ने बताया की योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, जिसका अर्थ है इकट्ठा होना, बांधना। योग अब चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका के साथ-साथ भारत से बौद्ध धर्म में फैल गया है, और इस समय पूरे सभ्य दुनिया में लोग इससे परिचित हैं। योग विद्या में शिव को पहले योगी या आदि योगी तथा पहले गुरू या आदि गुरू के रूप में माना जाता है। क्लब सदस्यों में किरण कुशवाह, कविता साहू, फिरोज़ सुलतान, सुनीता जैन, नीलम जैन ,मिथिलेश यादवएवम संतोष चंदेल उपस्थित थे। साथ ही अन्य अतिथियों में ज्ञानेश्वरि सक्सेना एवम चंद्रेश यादव ने भी उपस्तिथि दर्ज कराई।

# 13 दिवसीय के सॉफ्ट टोइस मैकर एंड सेलर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी अशोकनगर में 13 दिवसीय के सॉफ्ट टोइस मैकर एंड सेलर प्रशिक्षण एवं 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। दोनों प्रशिक्षण में कुल 61 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर श्री राजाराम वर्मा निदेशक आरसेटी द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण के समापन में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बताया गया और सभी




प्रशिक्षणार्थियों को पीएमजेजेबी 436 एवं पीएमएसबीवाय 20 का बीमा स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का करवाने हेतु सलाह दी गई। इस अवसर पर आर सेटी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसबीआई आरसेटी अशोकनगर में प्रशिक्षणार्थीयो को योग करवाया गया और योग से होने वाले लाभ के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर निदेशक राजाराम वर्मा, गेस्ट फैकल्टी आरती परिहार एवं आर सेटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'योग का अर्थ है जुड़ाव जो तन मन को जोड़ता है'

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

योग का अर्थ है जुडाव ,जोड़ना जो तन और मन को जोड़ता है ,आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजली ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है उनके अनुसार चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।आज योग दिवस के मौके पर किडज़ी स्कूल में विश्व योग दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने योग के बारे में समझा इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्डी एन.आई.एस. वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे ने बच्चो को विभिन्न



मुद्राओं में योग कराया जिसमें वज्रासन, पद्मासन, अर्धपद्मासन, सुखासन आदि के बारे में बताया और स्कूल के सभी बच्चो ने बच्चों ने योग के प्रति अपनी सजगता दिखाई बच्चों ने इस मौके पर सूर्य नमस्कार भी किया इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर सतीश चैरसिया, प्राचार्य सौरव जैन, अभिषेक चैधरी सहित स्कूल स्टॉफ ने योग कर बच्चों सहित समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया।

## पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल में सामूहिक योग का किया आयोजन

**नईसराय।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार रांची झारखंड से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में लाइव प्रसारण और प्राचार्य ओ पी शिवहरे के निर्देशन में ग्राम के आम और खास नागरिकों को सुबह 6रू00 बजे आमंत्रित किया गया जिसमे मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह,पूर्व उप सरपंच राजेंद्र सोनी,रिटायर्ड जी व्ही ओ महेश भार्गव, पतंजली के योग ट्रेनर रामकृष्ण कुशवाह,रिटायर्ड एच एम खिल्लू राम बौद्ध, पी टी आई संतोष श्रीवास्तव, कन्या हाई स्कूल योग शिक्षक परमाल सिंह रघुवंशी,उच्च माध्यमिक शिक्षक कैलाश जाटव,संतोष जाटव,अमित कौशिक,राजेंद्र दोहरे,अवनाश गौतम,श्रीमती डिंपल रघुवंशी,मुन्नालाल सेन,सुरेश सेन,घनश्याम जाटव, मनमोहन रघुवंशी,आदि योग साधकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## चंदेरी की प्रसिद्ध पुरातात्विक स्मारक बादल महल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**चंदेरी।** हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में विश्व योग दिवस मनाया जाता है, इस दिन का उद्देश्य आध्यात्मिक और शारीरिक अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना है, भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है, योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है,योग के मामले में भारत विश्व गुरु है, भारत ने योग दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बहुत फायदेमंद है।यह शरीर को रोगमुक्त रख मन को शांत करने में मदद करता है। इसी के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग



दिवस पर आज ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के सरस्वती विद्या मंदिर परिसर हाल में कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि,तथा पुरातत्व इमारत बादल महल में नगर के आम नागरिक व जूडो कराटे के बच्चे व प्रशिक्षित योगा टीचर के द्वारा विभिन्न तरह के योग करा कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत संबधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी फीडरों पर विद्युत प्रदाय के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत कार्यालय मीटिंग हॉल अशोकनगर में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा विद्युत संबंधी शिकायतो की समीक्षा की गई एवं शिकायतों का तत्काल निराकरण तथा शिकायतो में कमी लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस दौरान विद्युत प्रदाय की समीक्षा की गई एवं अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सभी फीडरों पर कंपनी नियमानुसार विद्युत प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में अधिक समय तक विद्युत प्रदाय में व्यवधान न हो फीडरो का संधारण करें। जिससे 33 के. व्ही. एवं 11 के. व्ही. फीडरो ट्रिपिंग कम से कम हो। उन्होंने राजस्व संग्रहण पर भी जोर दिया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो को अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण करने के निर्देश के साथ-साथ बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियो को भी राजस्व संग्रहण कराने में सहयोग करनें हेतु सलाह दी गई। बैठक के दौरान चन्देरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा राजकुमार बर्मा लाईन हैल्पर की शिकायत की गई। जिस पर ऊर्जा मंत्री द्वारा उक्त लाईन हैल्पर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।विदिशा रोड पर और कजराई मे नया विघुत उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग को लेकर उर्जा मंत्री को पत्र सोपा।

मध्यप्रदेश शासन के उर्जा मंत्री प्रधुमन सिंह तोमर को जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह ने पत्र सोपकर मांग की है कि ग्राम कजराई मे और अशोकनगर विदिशा रोड पर नवीन विघुत उपकेन्द्र स्थापित किया जाए।

उन्होने कहा है कि अशोकनगर ग्रामीण क्षेत्र के आस पास जिन फीडरो से विघुत प्रवाहित होती है उनकी लंबाई अधिक है। इससे विघुत की समस्या बनी रहती है। क्षेत्र मे वोल्टेज की समस्या बनी है। कुकरेठा के पास परासरी ,सुहागपुर, कुन्दौली ,जैडाई , रिजौदा, खिरिया गुहास आदि ग्रामो का लोड ग्राम कुकरेठा के फीडर पर बढ गया है। जिससे ग्रामवासियो को समस्याओ का सामना करना पड रहा है। इसी प्रकार अशोकनगर शहर के अंतर्गत विदिशा रोड के आस पास के क्षेत्रो मे विघुत की समस्या बनी रहती है। इस क्षेत्र मे दो फीडरो की सप्लाई शंकरपुर मगरदा पावर हाउस से एवं मेन बाजार के पावर हाउस के फीडरो से की जाती है। इन फीडरो की लंबाई अधिक होने से वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। विदिशा रोड पर कई नई बस्तिया बसने से उपभोक्ता बढे है। ऐसी स्थिति मे यहा नवीन उपकेन्द्र बनाए जाने की मांग की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अस्पताल में कराया योग



हरिभूमि न्यूज ⏭शुजालपुर

इन दिनों गंभीर रोगों को दूर करने के लिए योग का सहारा लिया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में योग की सुविधा शुरू की गई है। योग शिक्षिका आशा प्रजापति द्वारा सिविल अस्पताल शुजालपुर में योग दिवस के मौके पर मरीजों के साथ अस्पताल स्टाफ ने भी सामूहिक योग किया। वहीं पेट संबंधी, सिर दर्द, अस्थमा, डायबिटीज और हायपरटेंशन के मरीजों को योग की सेवाएं दी जा रही हैं। रोजाना मरीज इसका लाभ उठा रहे हैं। खास बात यह है कि योग के लिए लोगों को बाहर जहां हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं, वहीं अस्पताल में यह सेवा निःशुल्क दी जा रही है। योग शिक्षिका आशा प्रजापति ने बताया कि मेडिटेशन के साथ-साथ यहां विभिन्न रोगों को दूर करने के लिए योग की विभिन्न क्रियाएं सिखाई जाती हैं। रोजाना आने वाले मरीजों को योग क्रियाएं कराई जाती हैं, ताकि उन्हें इसका फायदा मिल सके। वहीं मरीज भी योग सीख कर खुद को अच्छा महसूस कर रहे हैं। इस दौरान अस्पताल प्रभारी शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, रविंद्र शर्मा, विकास गुप्ता, मनीषा वर्मा आदि मौजूद रहे।